>

Title: Need to enhance the Minimum Support Price for Cotton and Soyabean in Maharashtra.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव): मैं मंत्री जी का ध्यान महाराष्ट्र राज्य के विशेषतः विदर्भ के किसानों द्वारा किए जा रहे आत्महत्या और उनके मिल रहे मुआवजे की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। मैं महाराष्ट्र राज्य के जलगांव जिले से सांसद हूं। मुझे लगता है कि आज महाराष्ट्र राज्य में किसानों की जो स्थिति है वह भयावह होती नजर आ रही है। दिनोंदिन किसानों द्वारा आत्महत्या का सिलसिला बढ़ता ही जा रहा है। ऐसी घटनाओं को देखते हुए भी सरकार कुछ भी करने को तैयार नहीं है। पिछले कुछ दिनों से विशेषकर महाराष्ट्र राज्य के किसानों को कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर भी नहीं दिया गया है। इस कारण राज्य में विभिन्न स्थानों पर रास्ता रोको आंदोलन किए जा रहे हैं और आज भी आंदोलनों ने उग्र रूप धारण कर लिया है जिसे रोकना जरूरी होगा अन्यथा भविष्य में स्थिति भयावह हो सकती है। इसलिए मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि सरकार कपास के न्यूनतम मूल्यों में जल्द से जल्द बढ़ोत्तरी करें जिससे किसानों को उसका लाभ मिल सके। यदि किसान ही नहीं रहेगा तो देश का क्या हाल होगा। किसान कपास की बुआई करने में हो या कोई और उत्पादन करने में हो, उनको उसका भी मुआवजा ठीक से नहीं मिल पा रहा है।

अतः मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि सरकार तुंत कपास का भाव कम से कम 6000 रूपये प्रति क्विंटल और 3000 रूपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम मूल्य देने की घोषणा किसानों को करें जिससे कम से कम महाराष्ट्र राज्य में किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्या पर लगाम लगाया जा सके।